TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

# Important Current Affairs 11th November 2017 with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 11th November 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the **Important Current Affairs 11th November 2017** in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 11th November 2017 in Hindi

- **उर्दू दूसरी राजभाषा: तेलंगाना**
    - तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने उर्दू को राज्य की दूसरी आधिकारिक भाषा घोषित किया|
    - राज्य के हर कार्यालय में अब एक उर्दू-भाषी अधिकारी होगा|
    - मुख्यमंत्रियों के अनुसार, उर्दू को दूसरी भाषा बनाने की मांग लंबे समय से चल रही थी|
- **ATP वर्ल्ड टूर अवार्ड्स 2017**
    - रोजर फेडरर को 2017 सीज़न में तीन 'ATP वर्ल्ड टूर अवार्ड' से सम्मानित किया गया है|
    - फेडरर को 15वें लगातार वर्ष प्रशंसकों द्वारा 'ATP वर्ल्ड टूर' के लिए पसंद किया गया है और साथी खिलाड़ियों द्वारा उन्हें 'स्टीफन एडबर्ग स्पोर्ट्सशन्स अवॉर्ड' और 'कमबैक प्लेयर ऑफ द ईयर' के विजेता के रूप में चुना गया है|
    - 2017 ATP वर्ल्ड टूर अवार्ड्स में नेविल गॉडविन को 'कोच ऑफ द ईयर' का विजेता चुना गया है|
- **राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2017**
    - भारत में मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के उपलक्ष पर हर वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है|
    - वे स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे, जिन्होंने 15 अगस्त 1947 से 2 फरवरी 1958 तक कार्यभार संभाला|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- भारत में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर वर्ष 11 नवंबर को मनाया जाता है|

- **राष्ट्रीय उद्यमिता पुरस्कार 2017**
  - कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने स्थापना के तीन वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में 'राष्ट्रीय उद्यमिता पुरस्कार 2017' का आयोजन किया|
  - NEA को भारत में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए 2016 में MSDE द्वारा स्थापित किया गया था|
  - विजेताओं को एक प्रमाण पत्र और ट्रॉफी के साथ (उद्यमों और व्यक्तियों) को 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और (संगठन / संस्थान) को 10 लाख रूपए का नकद पुरस्कार दिया जायेगा|
- **UNHCR को मिलेगा मदर टेरेसा पुरस्कार 2017**
  - UNHRC को सामाजिक न्याय के लिए मदर टेरेसा मेमोरियल पुरस्कार 2017 के प्राप्तकर्ता के रूप में नामित किया गया, यह सम्मान विश्व भर में इसके असाधारण काम को सम्म्मानित करने के लिए दिया गया|
  - UNHRC विश्वभर में युद्ध में बेघर हुए अनगिनत लोगों को मानवतावादी सहायता प्रदान करता है|
  - 'मदर टेरेसा मेमोरियल अवार्ड फॉर सोशल जस्टिस' की स्थापना, 2005 में हार्मनी फाउंडेशन द्वारा की गयी थी|
- **SEBI ने गुजरात के मुख्यमंत्री परिवार पर लगाया जुर्माना**
  - SEBI ने जोड़-तोड़ के व्यापार में भागीदारी के लिए 22 संस्थाओं को दंडित किया है|
  - इन 22 संस्थाओं में से एक गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपानी के हिंदू अविभाजित परिवार (HUF) है जिसे सारंग केमिकल्स नामक एक सूचीबद्ध फर्म के साथ जुड़ा पाया गया|
  - श्री रुपानी की फर्म को 45 दिनों के अन्दर 15 लाख रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया है|
- **70+ लोगों के लिए घर पर बैंकिंग सेवाएं**
  - भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों से कहा है कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और नेत्रहीन लोगों सहित विकलांग व्यक्तियों के लिए बैंकिंग सुविधाएं घर पर उपलब्ध कराई जाएंगी|

CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- सुविधाओं में बुनियादी बैंकिंग सेवाएं जैसे कैश का पिकअप, डिमांड ड्राफ्ट डिलीवरी, चेकबुक और KYC दस्तावेजों को जमा करना आदि शामिल हैं|
- ये निर्देश 31 दिसंबर 2017 तक लागू किए जायेंगे|

- **NBFC के लिए नए आउटसोर्सिंग मानदंड**
  - RBI ने गैर-बैंक वित्तीय संस्थान द्वारा कार्यों के आउटसोर्सिंग के लिए मानदंडों की रूपरेखा जारी की है|
  - नए मानदंडों के अनुसार, NBFC मूल प्रबंधन कार्यों जैसे आंतरिक लेखा परीक्षा, निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन, रणनीतिक और KYC के अनुपालन कार्यों और ऋणों की मंजूरी के लिए आउटसोर्स नहीं कर सकतीं|
  - सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं|
- **सरकार ने तिगुनी की 'गृह ऋण सीमा'**
  - सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारीयों के लिए नए घर के निर्माण / खरीद के लिए सरकार से लिए जाने वाले ऋण की सीमा बढ़ा कर 25 लाख रुपये तक कर दी है|
  - 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए गृह ऋण की सीमा तीन गुना हो गई है|
  - इससे पहले यह सीमा केवल 7.50 लाख रुपये थी| यह कदम लगभग 50 लाख कर्मचारियों को लाभान्वित करेगा|
- **IFAD ने दी NE परियोजना के लिए फंड को मंजूरी**
  - अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास फंड ने पूर्वोत्तर क्षेत्र समुदाय संसाधन प्रबंधन परियोजना के चौथे चरण के लिए 30 मिलियन अमरीकी डालर के नरम ऋण को मंजूरी दी है|
  - IFAD, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान और संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है|
  - NERCORMP एक आजीविका और ग्रामीण विकास परियोजना है जिसका लक्ष्य गरीब और सीमान्त आदिवासी परिवारों के जीवन को बेहतर बनाना है|
- **हरियाणा में ओरल दवाइयों से हेपेटाइटिस- C का इलाज**


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- हरियाणा सभी श्रेणियों के हेपेटाइटिस- C रोगियों का इलाज ओरल दवाइयों के माध्यम से करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है|
- राज्य सरकार ने पहली बार सरकारी अस्पतालों में ओरल दवाएं शामिल की हैं|
- ज़िला स्तर पर सभी श्रेणियों के स्थायी निवासियों के लिए यह दवा मुफ्त प्रदान की जाएगी|

- **दिल्ली में 'भारत आपदा प्रतिक्रिया शिखर सम्मेलन'**
  - केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, किरन रिजिजू ने नई दिल्ली में 'भारत आपदा प्रतिक्रिया शिखर सम्मेलन' का उद्घाटन किया|
  - भारत, आपदा प्रतिक्रिया पर फेसबुक के साथ भागीदारी करने वाला पहला देश बन गया है|
  - फेसबुक ने एक आपदा सूचना स्वयंसेवी कार्यक्रम पेश किया| DIV के तहत, प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का एक नेटवर्क अपने स्थानीय समुदायों में आपदाओं पर पूरक जानकारी प्रदान करेगा|
- **दिल्ली में वायु प्रदूषण के लिए पैनल**
  - हाल के हफ्तों में दिल्ली की हवा जहरीली होने और संकट के स्तर तक पहुंचने के कारण, केंद्र ने 7 सदस्यीय समिति स्थापित करने का निर्णय लिया|
  - समिति की अध्यक्षता सी.के. मिश्रा करेंगे|
  - पर्यावरण मंत्रालय द्वारा गठित समिति, अल्पकालिक और दीर्घकालिक योजना तैयार करने की कोशिश करेगी|
- **आर्थिक सलाहकार परिषद की द्वितीय बैठक**
  - प्रधान मंत्री मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद की दूसरी बैठक में कौशल विकास, रोज़गार सृजन और सामाजिक क्षेत्र में बढे संसाधन निवेश के लिए एक स्पष्ट योजना तैयार की गयी|
  - बैठक की अध्यक्षता बिबेक देबराय ने की|
  - प्रधान मंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद, एक गैर-संवैधानिक, गैर-स्थायी और स्वतंत्र निकाय है जो सरकार, खासकर प्रधान मंत्री को आर्थिक सलाह देने के लिए गठित किया गया है|
- **गुवाहाटी में आयोजित GST परिषद की 23वीं बैठक**

CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में वस्तु और सेवा कर (GST) परिषद की 23वीं बैठक, 10 नवंबर 2017 को असम के गुवाहाटी में आयोजित की गयी|
- 177 वस्तुओं पर GST की दर 28% से घटाकर 18% कर दी गई है| अब केवल 50 वस्तुओं, ज्यादातर दोष, पाप और विलासिता की वस्तुएं, 28% GST दर को आकर्षित करेंगी|
- वस्तु और सेवा कर (GST) 1 जुलाई से लागू किया गया था|

- **बीमा पॉलिसी के साथ आधार जोड़ना अनिवार्य**
    - IRDA ने घोषणा की है कि धन-शोधन निवारण द्वितीय संशोधन नियम 2017 के तहत आधार संख्या को बीमा पॉलिसियों से जोड़ना अब अनिवार्य है|
    - आधार संख्या को बीमा पॉलिसी से जोड़ने का यह नियम नए ग्राहकों के साथ-साथ मौजूदा पॉलिसीधारकों के लिए भी लागू होगा|
    - इसके अलावा, यह न केवल जीवन बीमा पॉलिसी पर, बल्कि सामान्य बीमा पॉलिसियों पर भी लागू होगा|
- **SBI ने जारी की तेल की कीमतों में वृद्धि पर रिपोर्ट**
    - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के इकोनॉमिक रिसर्च डिपार्टमेंट ने तेल की कीमतों में वृद्धि पर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें बताया गया है कि कैसे यह चालू खाता हानि (CAD) को प्रभावित नहीं करेगा और मुद्रास्फीति कैसे राजकोषीय स्तर पर फैल सकती है|
    - यह रिपोर्ट, SBI समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्यकांती घोष ने तैयार की है|
    - रिपोर्ट में तेल की कीमतों में वृद्धि के साथ चालू खाता हानि (CAD) और मुद्रास्फीति पर इसका असर दर्शाया गया है|
- **पेरिस में आयोजित IEA मंत्रिस्तरीय बैठक**
    - इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (IEA) मंत्रिस्तरीय बैठक पेरिस, फ्रांस में आयोजित की गयी|
    - इस बैठक की मुख्य विशेषताएं, ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी और निवेश और डिजिटलीकरण पर सरकार-उद्योग वार्ता थीं|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

    - IEA मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल, पेरिस का नेतृत्व केन्द्रीय बिजली और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राज कुमार सिंह ने किया|
- **बेंगलुरु ने सैन फ्रांसिस्को को पछाड़ा**
    - डिजिटल बनने की क्षमता में अपने व्यवसायों के आत्मविश्वास के लिए 45 शहरों में बेंगलूर को सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में चुना गया है|
    - इसके बाद मुंबई और नई दिल्ली का स्थान है|
    - इकॉनोमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा यह सर्वेक्षण आयोजित किया गया था|
    - इस सर्वेक्षण को EIU ने दूरसंचार कंपनी टेलस्ट्रा कॉर्प के साथ साझेदारी में आयोजित किया|
- **नए राष्ट्रीय चैंपियन के रूप में उभरे प्रनॉय**
    - एच.एस. प्रनॉय ने फाइनल में किदंबी श्रीकांत को हराकर 82वी सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पुरुष एकल खिताब जीता|
    - उन्होंने हाल ही में करियर की सर्वश्रेष्ठ नंबर 11 की विश्व रैंकिंग हासिल की, पिछले महीने फ्रेंच ओपन सुपर सीरीज़ में अपने साथी को सेमीफाइनल में हारने के बाद 49 मिनट के मुकाबले में शीर्ष खिलाड़ी श्रीकांत को हरा दिया|
    - टूर्नामेंट नागपुर में आयोजित किया गया था|

**Attempt Current Affair Quiz - 11th November 2017**

CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play